Newspaper: Dainik Jagran
Edition: Delhi | Date: 2nd November, 2018 | Pg. 12

स्कूलों में छात्रों को पढ़ाई जाएंगी 22 भाषाएं

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में देश भर के स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों को अगले साल से दिन प्रतिदिन बोले जाने वाले पांच से 10 वाक्यों को 22 भाषाओं में पढ़ाया जाएगा।

केंद्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) की तरफ से यह निर्देश सीबीएसई को भी दिया गया है। साथ ही एमएचआरडी मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने यह बातें बृहस्पतिवार को केंद्रीय विद्यालय संगठन के राष्ट्रीय एकता शिविर में भी कहीं। उन्होंने विज्ञान भवन मैदान में आयोजित शिविर में कहा कि प्रधानमंत्री ने जो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का नारा दिया है केंद्रीय विद्यालय उस पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने केंद्रीय विद्यालयों के छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों की तारीफ की और कहा कि जिस तरह से केरल के छात्रों ने हिमाचल प्रदेश का नृत्य और चंडीगढ़ के विद्यार्थियों ने आंध्र प्रदेश का नृत्य प्रस्तुत कर एकता की मिसाल दी है, वह अद्भुत है। मंत्री ने केंद्रीय विद्यालयों की तारीफ भी की। इस साल कक्षा छह की 40 हजार सीटों के लिए 28 लाख विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी थी। जावड़ेकर ने केवीएस के आयुक्त संतोष कुमार मल्ल और सभी शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और अधिकारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

स्कूल बैंड पर बजेंगी देशभक्ति धुन

जासं, अंबाला शहर : गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के मद्देनजर प्रदेशभर के स्कूलों में बैंड पर अब देशभक्ति की धुन बजती नजर आएगी। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से 20 नवंबर को राज्य स्तरीय बैंड प्रतियोगिता के लिए शेड्यूल जारी किया है। प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक जिले से दो स्कूल बैंड के नाम दर्ज कराने अनिवार्य हैं। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के विजेता स्कूलों के नाम जोनल स्तर की प्रतियोगिता के लिए भेजे जाएंगे। 5 दिसंबर को जोनल स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता टीम 21 दिसंबर को राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता में शिरकत करेगी।